## खबर संक्षेप



यमुनानगर। झूर माजरा में श्री गुरु रविदास मंदिर के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर मुख्यातिथि एवं जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका का स्वागत करते मंदिर कमेटी सदस्य।

### गुरु रविदास ने अपनी वाणी से समाज को जागृत किया

**यमुनानगर।** गांव झूर माजरा में श्री गुरु रविदास मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिविधान से किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने कहा कि गुरु रविदास किसी एक जाति के न होकर सर्व समाज के गुरु हैं। हम सभी को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। क्योंकि उन्होंने अपनी वाणी से समाज को जागृत करने का काम किया।

### बच्चों ने मॉडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने रिबन काटकर प्रदर्शनी की शुभारंभ किया। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया तथा सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### बाइकर्स गैंग ने रेहड़ी वाले से छीने 35 सौ रुपये

**यमुनानगर।** शहर के जोडिया मडेबर रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने सब्जी की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर उससे 35 सौ रुपये छीन लिए। गांव मडेबर निवासी सुरेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### धोखाधडी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** समालखा पुलिस ने गांव जौरासी खालसा निवासी नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के साथ बैंक चेक में कटिंग कर खाते से ज्यादा राशि निकलवाकर हड़पने के मामले में नामजद आरोपी रविंद्र पुत्र शमशेर निवासी गांव जौरससी सर्फ खास को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने नरेंद्र के साथ धोखाधडी कर साढे सात लाख रूपये की ठगी की थी।

### मार्केट फीस एडवांस जमा करवाए जाने व टैक्स में वृद्धि किए जाने का विरोध

# सब्जी मंडियों में रही पूर्ण हड़ताल, फल और सब्जी की रेहड़ियां भी गायब रही

**सब्जी मंडियों में दुकानें रही बंद,रेहड़ी पर फल और सब्जी बेचने वालों को मंडी के आसपास नहीं दिया फटकने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा एडवांस फीस जमा करवाए जाने व टैक्स में दस प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के विरोध में बुधवार को जिले भर की सब्जी मंडियों में हड़ताल रही। इस दौरान सब्जी मंडी में दिन भर दुकानें बंद रही और फल व सब्जी की रेहड़ियां भी गायब रही। वहीं, सब्जी उत्पादक किसान भी हड़ताल की वजह से मंडियों में अपनी फसल बेचने नहीं पहुंचे। आढ़तियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया तो वह बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होंगे। बुधवार सुबह जिले की यमुनानगर, जगाधरी, साढ़ौरा व रादौर की सब्जी मंडियों में सन्नाटा पसर गया। इस दौरान सब्जी मंडी के आढ़तियों ने दुकानों को बंद कर दिया और वहां पर लगने वाली फलों व सब्जी की रेहड़ियों को भी नहीं लगने दिया। जिससे सब्जी मंडियों से दिन भर ग्राहकों की आवाजाही बंद रही।





यमुनानगर। हड़ताल के दौरान बंद पड़ी सब्जी मंडियां। फोटो :हरिभूमि

### अभी तक दे रहे थे दो प्रतिशत टैक्स

आढ़तियों का कहना है कि अभी तक सब्जी मंडी के आढ़ती दो प्रतिशत टैक्स देते थे। जिसमें एक प्रतिशथ मार्केट फीस होती है। यह टैक्स आढ़ती फल और सब्जियां खरीदने वाले विक्रेताओं से लेते हैं। इस टैक्स को सरकार को एक सप्ताह में देते रहे हैं। मगर अब गत वर्ष दिए गए टैक्स में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हए एक साल का एडवांस टैक्स देने का सरकार ने नोटिस जारी किया है। जिससे आढ़तियों में रोष व्याप्त है। आढ़तियों का कहना है कि सरकार के नोटिस के मुताबिक जिस आढ़ती ने पिछले साल बीस हजार रुपये तक फीस जमा कराई है, उसे अगले साल के लिए साढ़े बारह हजार रुपये देने होंगे। वहीं, जिसने बीस हजार एक रुपये से 40 हजार रुपये तक फीस जमा करवाई है, उसे इस साल साढ़े 37 हजार रुपये देने होंगे। इसी तरह इससे अधिक फीस जमा करवाने वालों को भी पिछले साल जमा कराई राशि से अधिक फीस जमा करवानी होगी।

### निर्णय से आढ़तियों को नुकसान

*न्यू सब्जी मंडी यमुनानगर के प्रधान सुरेश नंबरदार, जगाधरी सब्जी मंडी के प्रधान राज सैनी व यमुनानगर सब्जी मंडी के प्रधान अमृत वधावन आदि का कहना है कि सरकार का यह निर्णय पूरी तरह गलत है। सरकार के इस निर्णय से आढ़तियों को नुक्सान होगा। क्योंकि सब्जी आढ़ती एक साथ साल भर का एडवांस में टैक्स नहीं दे सकता है। जो आढ़ती साल भर में दो लाख रुपये टैक्स दे रहा था, अब उसे एक साथ दो लाख 20 हजार रुपये का एडवांस टैक्स देना होगा। सरकार का यह निर्णय सरासर गलत है। यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।*



यमुनानगर। खंड रादौर के गांव हरनौल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। फोटो :हरिभूमि

# आमजन के लिए लाभकारी बन रही भारत संकल्प यात्राः कांबोज

- रादौर खंड के गांव हरनौल व दूधला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुए जनसंवाद कार्यक्रम
- हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री कर्ण देव कांबोज ने ग्रामीणों की सुनी समस्याए

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई हैं। जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है।

उन्होंने बुधवार को खंड रादौर के गांव हरनौल व दूधला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उक्त जानकारी दी। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया।

पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है। जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। मौके पर दो लाभ पात्रों की पेंशन बनाई गई व पांच लाभ पात्रों के बीपीएल राशन कार्ड बनाएए गए। जबकि स्वामित्व योजना के तहत 8 लाभ पात्रों को रजिस्ट्री दी गई तथा 5 लाभ पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर एसईपीओ राजेश कांबोज, एसडीओ पंचायती राज राजेश शर्मा, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका व डॉ. ऋषिपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# सूने घर व ज्यूलर्स की दुकान से नकदी और आभूषण की चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने सूने घर व ज्यूलर्स की दुकान का ताला तोड़कर 76 हजार रुपये की नकदी, दो किलो चांदी व सोने के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जैसको कॉलोनी निवासी पारस सेठी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने 16 दिसंबर को अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर का ताला लगाकर अपने दूसरे घर चला गया था। तीन दिन बाद जब वह जैसको कॉलोनी वाले घर पर आया तो उसने देखा कि घर के मेन दरवाजे की ग्रिल और शीशा टूटा हुआ है। अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर के चार गुल्लक टूटे मिले। जिसमें से करीब 70 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। इसके साथ ही चोरो ने घर से अन्य सामान भी चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ज्यूलर्स की दुकान से चोरी

*महावीर कॉलोनी निवासी रमन वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव रतनगढ़ में रविदास मंदिर के पास रवित ज्वैलर्स के नाम से दुकान की हुई है। वह शनिवार को दुकान बंद करके घर आ गया था। रविवार की छुट्टी होने के कारण व दुकान पर नहीं गया। सोमवार को जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसने दुकान में सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर शटर के ऊपर बना रोशनदान टूटा हुआ था। दुकान से छह हजार रुपये, दो किलो चांदी व पांच ग्राम सोने के आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*



यमुनानगर। रादौर में महाराजा शूरसेन के चित्र पर नमन करते स्थानीय लोग।

### धूमधाम से मनाई शूरसेन की जयंती

*रादौर। प्रिया चैरिटेबल आई अस्पताल रादौर में बुधवार को महाराजा शूरसेन सैनी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी, ब्लॉक महिला अध्यक्ष रानी सैनी व डॉक्टर अरूण सैनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने महाराजा शूरसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भेंट की। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि महाराजा शूरसैन सैनी के जीवन व आदशोंर् को याद करते हुए हमें उनको अपनाना चाहिए। जन कल्याण का भाव हमेशा आपसी प्रेम व सौहार्द की नींव रहा है। हमारे बुजुगोंर् ने हमेशा यही सीख दी है कि जितना अधिक हम समाज को आपस में जोड़ेंगेए किसी जरूरतमंद व गरीब व्यक्ति की सहायता करेंगे तो उतनी ही राष्ट्र की उन्नति होगी। डॉ. अरूण सैनी ने कहा कि महाराजा शूरसैन के जीवन व दर्शन को अगर हम पूरी गंभीरता से देखें तो अनेक ऐसे क्षण दिखाई देते हैं। जब उन्होंने किसी दीन दुखी की सेवा व रक्षा के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया था। उनके जीवन का मूल मंत्र था कि समाज का प्रत्येक गरीब व्यक्ति उनके राज व परिवार का ही अंग है। उसके दुखों व चिता को दूर करना एक राजा का सर्वप्रथम कर्तव्य है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। इस अवसर पर अभिषेक पंडित, रानी सैनी,मनोज सैनी, सुरजीत सैनी, प्रवीण कुमार, बिंदर सैनी, कोमल, संदीप सैन, विराज सैनी, जगन चौहान, सोनू सैनी, संजय सैनी व श्याम सैनी आदि मौजूद थे।*

# साइबर ठगों ने अधिक लाभ कमाने का लालच देकर महिला से ठगे 43 हजार

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों से शहर की राम नगर कॉलोनी निवासी ज्योति कपूर को कंपनी में पैसे निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 43 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने अपना विश्वास जताने के लिए पहले तो ज्योति के अकाउंट में कुछ पैसे भेजे। मगर बाद में आरोपियों ने पैसे भेजने बंद कर दिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्योति कपूर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबादल पर नौकरी के संबंध में एक मैसेज आया। उसने अपनी इंकम बढ़ाने के लिए उसके मोबाइल पर आए मैसेज को फॉलो किया। जब उसने मैसेज को खोला तो मैसेज करने वाले साइबर ठगों ने उससे विभिन्न साइटों पर पांच सितारा रेटिंग देने को कहा। रेटिंग देने के बाद उसे तीन सौ रुपये का भुगतान किया गया। इसके बाद आरोपियों ने उससे अधिक रिटर्न पाने के लिए पैसे निवेश करने की पेशकश की। जिस पर उसने आरोपियों द्वारा बताए गए अकाउंट में तीन हजार रुपये डाल दिए। जिसके बाद उसे 78 सौ रुपये प्राप्त हुए। जिस कारण उसे आरोपियों पर विश्वास हो गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे अधिक पैसे निवेश करके अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके आरोपियों द्वारा बताई गई कंपनी में 43 हजार रुपये निवेश कर दिए। आरोपियों ने उसके अकाउंट में पैसे नहीं भेजे। जब उसने इस संबंध में आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने उसके पैसे वापस देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# स्वच्छता में ही है ईश्वर का वास : कृष्णा



यमुनानगर। गांव घेसपुर में स्वच्छता रैली निकालते स्कूली बच्चे व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

*रादौर। गांव घेसपुर में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत की ओर से पॉलीथिन उठाओ अभियान चलाया गया। जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चों ने स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने गांव में रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ सरपंच कृष्णा देवी ने किया। ग्रामीणों ने गांव में सफाई अभियान चलाकर सभी का स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच कृष्णा देवी व सरपंच प्रतिनिधि कमल कुमार ने बताया कि पॉलीथिन सबके लिए गले की फांस बनती जा रही है। गांव में स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से कार्य किए जा रहे है। स्वच्छ गांव में ही ईश्वर का वास होता है। किसी भी गांव या शहर की शान वहां की सफाई व्यवस्था बया करती है। इसलिए सभी को स्वच्छता अपना कर बीमारियों को दूर रखना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधान अध्यापिका मीना, मीनू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वीना, कमलेश, सीमा ,सुशील कुमार, राकेश, रणबीर, नरेश, बीना, रितु, चलती, कमलेश, सरवन कुमार व निर्मल आदि मौजूद रहे।*

### ईंटों से हमला कर भाई-बहन व उनकी मां को किया घायल

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र की भीम नगर कॉलोनी में कुछ युवकों ने ईंटों से हमला कर भाई बहन व उनकी मां को घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने बाइक व अन्य सामान तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में दो भाइयों को नामजद करते हुए 20 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भीम नगर निवासी रवि ने गांधी नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर शाम करीब सात बजे वह घर पर थे। तभी उन्हें बाहर शोर सुनाई दिया। शोर सुनकर वह, उसकी मां इंदू देवी व बहन दिव्या घर के बाहर आए। उन्होंने देखा कि जोगिंदर नगर निवासी सिबा, उसका भाई सौरव व 15-20 लड़के उनकी बाइक तोड़ रहे थे। जब वह घर से बाहर निकले तो आरोपियों ने उन पर भी ईंटें बरसानी शुरू कर दी। उनके हाथों में डंडे, बिंडे व अन्य हथियार थे। एक ईंट उसकी मां के पेट व एक उसकी बहन के मुंह पर लगी। जिससे वे घायल हो गई। इसके बाद आरोपियों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके घर के बाहर रखी कुर्सियां भी तोड़ दी। जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो सभी आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल में पहुंचाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी भाईयों को नामजद करते हुए 15-20 अन्य पर केस दर्ज कर लिया है।



यमुनानगर। रादौर जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को गेस्ट लेक्चर में सपनों को हकीकत में कैसे बदले की दी जानकारी

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के पीडी डिपार्टमेंट की ओर से सपनों को हकीकत में कैसे बदले विषय पर बुधवार को गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। सत्र में इंजीनियर गुरमीत पॉल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता गुरमीत पॉल ने सक्सेस के पैरामीटर्स पर प्रकाश डाला। अंतरवृित करने के लिए एक व्यावहारिक प्रयोग कराया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म गोल को जाना। उन टर्म को पूरा करने के लिए कैसे आगे बढ़ना चाहिए इसका पृथक्करण किया। उन्होंने अपने वास्तविक सफल जीवन के कुछ पल सांझा किए। बच्चों को प्रेरित करने के लिए एक रोडमैप बनाने के लिए आग्रह किया। पीडी विभाग की मुख्य डॉ. जया मल्होत्रा ने आभार प्रकट करते हुए गुरमीत पॉल का हार्दिक आभार प्रकट किया। सत्र की सूत्रधार शबनम व मंच संचालक निशांत रहे। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल मुख्य डॉ. ऋषि शरूप,काजल व दित्य आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | जगाधरी व साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

# देश और प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ पर हो रहा है अग्रसरः सपरा

- जगाधरी के तेलीपुरा व जयरामपुर गांव में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का बुधवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव तेलीपुरा व जयरामपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व शिक्षा मंत्री कंवपाल के सुपूत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष निशचल चौधरी ने भाग लिया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई और उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यातिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने तेलीपुरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कहा कि आज देश व प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार ने हर वर्ग के लिए चाहे वह किसान हो, मजदूर, महिलाएं हों, व्यापारी हो या फिर कामगार हो सभी के लिये कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करके उन्हें धरातल पर लागू किया है। इस अवसर पर उन्होंने इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों व अन्य को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर गांव तेलीपुरा के सरपंच कर्म सिंह, पूर्व सरपंच तेजबीर सिंह, गोबिंद सिंह भाटिया व जयरामपुर की सरपंच सुमन देवी आदि मौजूद थी।





यमुनानगर। जगाधरी विधानसभा के गांव तेलीपुरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व यमुनानगर के साढ़ौरा क्षेत्र के गांव मुगलवाली में जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह। फोटो :हरिभूमि

साढ़ौरा विधानसभा के गांव मुगलवाली, मिल्कड़ा, अलीशेरपुरा व गाढवाली में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें विकसित भारत की शपथ दिलवाई।

उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है. सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आम जन तक पंहुचते हुए लोगों को और अधिक लाभ आबंटित कर रही है। इस अवसर पर ममता बेगम, स्नेह लता, रमेश कुमार, लक्ष्मी देवी, राजेश कुमार व मौला राम के बीपीएल कार्ड बनाए गए।

समाजसेवी महेन्द्र कुमार, जसबीर सिंह, सुरेश पाल, संजय कुमार, पूर्व ब्लाक समिति सदस्य श्याम लाल को सम्मानित किया। स्वामित्व योजना के तहत रवि कुमार, सोमनाथ, सुखबीर को रजिस्ट्री वितरित की गई तथा रितिका, भूमि, जाहन्वी, अनुष्का व प्राची को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

वहीं, आंगनवाड़ी वर्कर विनोद रानी, सोनिया रानी, पूर्व सैनिक रामपाल व सोमनाथ, पंच राजेश कुमार व रवि कुमार, चौंकीदार राकेश कुमार व नंबरदार प्रीत पाल को भी सम्मानित किया।

# हरियाणा की बुणाई कला को नई पहचान दे रहा पैवेलियन

## खाट बुणाई, पीढ़ा बुणाई तथा खटौला बुणाई की स्टॉल रही आकर्षक





तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी लोक कला बुणाई को भी पर्यटकों तक पहुंचा रहा है। यहां पर खाट बुणाई, पीढ़ा बुणाई तथा खटौला बुणाई की स्टॉल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हमेशा यह प्रयास रहता है कि हरियाणवी संस्कृति का अधिक से अधिक विकास व विस्तार हो। इसके विषय में हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बुणाई कला हरियाणवी लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, आवश्यकता है इसके इतिहास को संरक्षित करने की। हरियाणा की लोक विरासत को ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों तक पहुंचाने का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हमेशा ही प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि लोकजीवन में खाट, पीढ़ा, खटौला, खटिया, चारपाई के अनेक स्वरूप देखने को मिलते हैं। खटौला, पलंग, मचान, माचा, डहला, दहला, मंजी-मंजा, सेज सभी चारपाई के ही अलग-अलग स्वरूप हैं। देहात में खाट को कुत्तामूतणी, चर्रमर्री, नसकट, सबरलील, ओणचण, कैंकची, टूटी खाट, मूंदी खाट, बांगी खाट, सणी की खाट, मूंज की खाट, सूत की खाट, सण की खाट, छोटी खाट, बड़ी खाट, मंझौली खाट आदि नामों से भी जाना जाता है। खाट के चौंक के चारों ओर अनेक प्रकार की लहरें डालकर की गई भराई लहरिया कहलाती है। कडियों के विचार से खाट की बुनावट के नाम दुकड़ी, तिकड़ी, चौकड़ी,

### ठेठ हरियाणवी के ठाठ देखने को मिल रहे

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन में ठेठ हरियाणवी के ठाठ देखने को मिल रहे हैं। कहीं पर बीन-बांसली के लहरों पर युवा थिरकते दिखाई देते हैं तो कहीं हरियाणवी हस्तकला की लोक पारंपरिक कलाएं हरियाणवी रंग में रंगी हुई दिखती हैं। वहीं हरियाणवी खान-पान के ठाठ भी पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। हरियाणा पैवेलियन में मुख्य आकर्षण हरियाणवी सांस्कृतिक मंच है, जिस पर सुबह से लेकर शाम तक हरियाणा की संस्कृति के अलग-अलग रंग देखने को मिलते हैं। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणवी सांस्कृतिक मंच ग्रामीण दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सुबह से शाम तक यहां पर दर्शकों की पूरी भीड़ हरियाणवी रंगों में रंगी हुई दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि दर्शकों के मनोरंजन के लिए हरियाणा के लोकगीतों पर प्रकाश मलिक व उसके साथियों का धमाल नृत्य सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इसके साथ ही रोहतक से प्रियंका का ग्रुप भी हरियाणवी लोकगीतों पर खोड़िया नृत्य के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी व उसकी पार्टी हरियाणा की गायन शैलियों एवं रागनियों के माध्यम से पर्यटकों को भरपूर मनोरंजन प्रदान कर रही है। इसके साथ ही हरिकेश की जोगिया पार्टी सारंगी के माध्यम से जहां लोक पारंपरिक गायकी से रूबरू करवा रही है वहीं पर दूसरी ओर बाबा धुणीनाथ की रागनियां दर्शकों को सहज ही आकर्षित कर रही है।



### हरियाणा पवेलियन में बोंदवाल का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**कुरुक्षेत्र।** कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय अवार्ड मिलना बड़ी बात है और उससे भी बड़ा है एक ही परिवार के 5 लोगों को कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय अवार्ड मिलना। ऐसा एक ही परिवार हरियाणा का बोंदवाल परिवार है। हैंडीक्राफ्ट में 5 राष्ट्रीय अवार्ड इस परिवार के लोगों को मिल चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में लगे हरियाणा पैवेलियन में बोंदवाल हैंडीक्राफ्ट का स्टॉल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर आए नीरज बोंदवाल ने बताया कि उनका परिवार पहले हाथी के दांत पर नकाशी करता था और फिर 1992 में जब हाथी दांत पर काम करना बंद हो गया तो उन्होंने चंदन की लकड़ी पर काम करना शुरू कर दिया।


महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### खोड़िया, धमाल, रागनी किस्सों एवं बीन की स्वर लहरियों से गूंज रहा है पैवेलियन




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। हरियाणा पैवेलियन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन में विश्वविद्यालय की ओर से स्थापित किया गया है तथा यहीं पर सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ भी देखने को मिलती है। युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि गांव टिटाणा से हरपाल नाथ सपेरों का ग्रुप बीन की स्वर लहरियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक हरियाणा के सांस्कृतिक मंच पर धमाल, गायन शैलियां, बीन की लहरें, राग-रागनियों के माध्यम से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया जा रहा है। हरियाणवी नृत्य खोड़िया विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इसमें ठेठ हरियाणवी ठाठ देखने को मिल रहे हैं। हरियाणा पैवेलियन के प्रति दर्शकों एवं पर्यटकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



## खबर संक्षेप

### गुरु गोबिंद सिंह जी का कोई सानी नहीं

**कुरुक्षेत्र।** देश, कौम व धर्म के लिए अपना परिवार कुर्बान करने वाले साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का कोई सानी नहीं है। दशमेश पिता से पहले और बाद में ऐसा बलिदान कोई न दे सका। यह विचार गुरबाणी कथावाचक भाई प्रदीप सिंह जालंधर ने प्रकट किए।

### अखंड पाठ के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

**थानेसर।** भारतीय जनता पार्टी कुरुक्षेत्र वीर बाल दिवस के उपलक्ष मे तीन दिवसय अखंड पाठ के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारी गणों से जिला अध्यक्ष रवि बतान की मौजूदगी में जिला कार्यालय पर विशेष बैठक संपन्न हई। साथ में सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा बीबी करतार कौर उपस्थिति रही।

### जिला एवं सत्र न्यायधीश ने किया स्टॉल का दौरा

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कानूनी जागरूकता के लिए स्टॉल नंबर 52-53 लगाई गई है। हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं मेंबर सैक्रेट्री सुभाष मैहला ने दौरा किया।

### मतदाता सूचियों पर 21 तक दे सकते है आपत्ति

**पिहोवा।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक पिहोवा सोनू राम ने कहा कि 14-पिहोवा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं कि जिला में 1 जनवरी को आधार तिथि मानकर मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 के दौरान प्राप्त आपत्तियों का निपटान आयोग की हिदायत अनुसार 26 तक होगा।

# नई मार्केट फीस के विरोध में सब्जी मंडी के आढती हड़ताल पर


**कुरुक्षेत्र।** बंद पड़ा नई सब्जी मंडी के गेट।

- आढ़तियों ने बुधवार को हड़ताल रख सरकार के खिलाफ रोष जताया

**कुरुक्षेत्र।** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर आढ़तियों ने बुधवार को हड़ताल रख सरकार के खिलाफ रोष जताया। आढतियों ने हरियाणा सरकार की ओर से सब्जी मंडियों पर थोपे गए एक मुश्त कर में भारी वृद्धि की निंदा की है। हड़ताल के चलते नई सब्जी मंडी थानेसर बंद रही। बुधवार सुबह सब्जी मंडी नही खुली। आढतियों ने मंडी के दोनों गेटों पर ताला जड़ दिया। इस कारण सब्जी मंडी में सन्नाटा पसरा रहा। वही मंडी के गेट के बाहर कुछ सब्जी विक्रेताओं ने फड़ी लगाकर सब्जी बेची। सुबह मंडी पहुंचे ग्राहकों ने फड़ से सब्जियां खरीदी। मंडी के अंदर आढतियों की दुकानें बंद रही। नई सब्जी मंडी थानेसर के प्रधान राकेश अरोड़ा ने कहा कि एक दिसंबर को सरकार की तरफ से सब्जी मंडियों में बिकने वाले फल और सब्जी पर मार्केट फीस को लेकर एकमुश्त कर लगाने की सूचना जारी हुई है। इससे पहले 2020 में एक प्रतिशत मार्केट फीस और एक प्रतिशत एचआरडीएफ लगाया गया था। नई सूचना में स्लैब बनाकर एडवांस में आढ़तियों को मार्केट फीस भरने को कहा गया है। यह फैसला व्यापारियों के हित में भी नहीं है। राकेश अरोड़ा ने कहा कि आढ़ती तो किसानों और अंतिम उपभोक्ता के बीच की कड़ी है। हम लोग ग्राहक से दो प्रतिशत टैक्स लेकर प्रति सप्ताह सरकार को देते हैं। मौसम के अनुसार किसी वर्ष फसल कम या ज्यादा होने के कारण हमारा व्यापार प्रभावित होता है। इसलिए हम एडवांस में कैसे मार्केट फीस भर सकते हैं। अगर किसी कारणवश पारिवारिक या शारीरिक परेशानी के कारण अगर कोई आढ़ती का व्यापार प्रभावित होता है लेकिन मार्केट फीस पहले ही भर चुका होने के कारण उसको वापस लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे।

### आढतियों ने सरकार के खिलाफ जताया रोष


**लाडवा।** लाडवा सब्जी मंडी बंद रखकर विरोध करते आढ़ती।

**लाडवा।** सब्जी मंडी के आढ़तियों ने बुधवार को सब्जी मंडी बंद करके न केवल एकजुटता दिखाई, बल्कि सरकार के खिलाफ विरोध भी प्रकट किया। सब्जी मंडी के आढ़तियों ने मंडी बंद करके सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि सरकार सब्जी मंडी के आढ़तियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार को जारी किए गए नोटिफिकेशन वापस लेने पडेंगे, नहीं तो मजबूरन आढ़तियों को सरकार के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। बुधवार को सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रधान राजू खुराना, आढ़ती रिंकू सैनी, सुशील सैनी, सुरेश गिरधर, राजेंद्र लालर, सुरेंद्र कश्यप, दिनेश कुमार, सुभाष चंद, राजबीर, प्रदीप सैनी, आशू, परमजीत, अमित कुमार, तेजपाल, कृष्णा, बिट्टू, विजय आदि आढ़तियों ने कहा कि सरकार सब्जी मंडी आढ़तियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

# स्टार्टअप के माध्यम से केयू के छात्र पुरानी चीजों को दे रहे है नया रूपः बंडारू

**कुरुक्षेत्र।** स्टार्टअप के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र हरियाणा की प्राचीन चीजों को नया रूप दे रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को सहेजने और उसका प्रचार-प्रसार कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मिलकर हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह विचार हरियाणा राज्य के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में हरियाणा पैवेलियन के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी पगड़ी बंधवाई तथा हरियाणवी खाट पर हरियाणवी हुक्के के साथ छायाचित्र भी खिचवाया। अवलोकन के दौरान राज्यपाल ने देशी घी से निर्मित जलेबी का भी स्वाद चखा। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा कुटिक सेंटर के स्टार्टअप के माध्यम से निर्मित अंकुरित मोटे अनाज के उत्पादों की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि विश्वविद्यालय स्टार्टअप के माध्यम से प्राचीन चीजों को नया रूप दे रहा है।



### ब्रह्मसरोवर के तट पर फिर फैली सहजयोग की चैतन्य लहरियां

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर के तट पर सहजयोग आज का महायोग द्वारा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह के सत्र में हरियाणा चंडीगढ़ के साधकों ने श्रीमाताजी के तस्वीरें, स्लोगन इत्यादि लेकर गणेशजी, हनुमानजी, श्रीमाताजी निर्मला देवी के भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम को विस्तार से बताते हुए समन्वयक आशुतोष गौड़ ने बताया कि श्रीमाताजी निर्मला देवी ने 05 मई 1970 को सहजयोगः आज का महायोग की शुरूआत की, सहजयोग कुण्डलिनी जागरण का कार्यक्रम आज पूरे विश्व के लगभग 150 देशों में पूर्णतह निःशुल्क चल रहा है। हम सहजयोगी प्रत्येक वर्ष गीता जयन्ती महोत्सव पर स्टाल लगा कर सत्य के सच्चे साधकों को सहजयोग द्वारा उनकी कुण्डलिनी जागरण करवाते हैं। इस बार भी गीता जयन्ती महोत्सव पर हमारा स्टाल 614 नंबर पर लगा है , जहां सहजयोग के अनुयायी श्रीमाताजी निर्मला देवी द्वारा बताई गयी विधि द्वारा कुण्डलिनी जागरण करवाते हैं। पैदल शोभा यात्रा के बारे में पूर्व समन्वयक नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा- चंडीगढ़ के सहजयोग अनुयायीओं की इच्छा के अनुसार अंतरराष्ट्रीय गीता जयन्ती महोत्सव पर हम सभी भाई बहन सहजयोग का प्रचार प्रसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करके सच्चे साधकों को सहजयोग के बारे में बताएं।


**कुरुक्षेत्र।** जर्सियां वितरित करते लायंस क्लब के पदाधिकारी। 20केयूके06

# निष्काम सेवा ही है प्रभु सेवाः विपिन

**कुरुक्षेत्र।** गोविंदगढ़ विद्यालय में लायंस क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जरूरतमंद स्कूली बच्चों को जर्सिया वितरित की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब प्रधान विपिन शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्हें यथोचित सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही निष्काम सेवा है और लायंस क्लब इसे यथासंभव कर रहा है। प्रधान विपिन शर्मा ने कहा कि ठंड धीरे-धीरे बढ़ रही है और जिन बच्चों के पास स्वेटर-जर्सियां नहीं है उन्हें इसके महत्व का ज्ञान है। इसी कारण आज जर्सियाँ वितरित की गई है ताकि उन्हें किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। वही विद्यालय प्रबंधन ने लायंस क्लब के पदाधिकारी की दिल खोलकर सराहना करते हुए कहा कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है और लायंस क्लब से चरितार्थ कर रहा है। इस अवसर पर क्लब के सचिव रोहित वर्मा, कोषाध्यक्ष चंदन अरोड़ा, हरदीप संजू, कृष्ण चुघ, संजीव सेठ, अजय बजाज, सुरजीत सिंह, संदीप अरोड़ा, नीरज सेठी, अश्विनी जैन, मोहित सैनी व सतपाल खुराना भी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में गूंजे गीता के शलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



निष्काम कर्म का महत्व, निस्वार्थ भाव का रहस्य, प्रेरक कर्म का अर्थ, यह सब भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमदभगवदगीता में वर्णित है। कर्म योग के सिद्धांत को समझने के लिये प्रतिदिन गीता का अध्ययन करना चाहिए। इससे ही वास्तविक ज्ञान को प्राप्त किया जा सकता है। क्योकि जो जीवित हैं, उनके लिए गीता भी जीवित है। यह सम्पूर्ण कर्म सिद्धांत को जानने के लिए एक श्रीमदभगवदगीता जीवित शास्त्र है। यह विचार मातृभूमि मिशन मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2023 के उपलक्ष्य मे आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के पंद्रहवे मिशन जिला कारागार कुरुक्षेत्र परिसर में आयोजित आत्मानुशासन एवं स्वनुशासन में श्रीमदभगवदगीता विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभाराम्भ जिला कारागार के कैदियों के द्वारा भजन की प्रस्तुति से हुआ। जिला कारागार परिसर पहुंचने पर जेल प्रशासन द्वारा पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर जोरदार स्वागत किया गया। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा जिला कारागार के कैदियों को गीता वितरित की गई। जिला कारागार कुरुक्षेत्र परिसर गीता जयंती के उपलक्ष्य में गूँजे जय जय गीता के नारों से गुंजयमान- हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कारागार के उपाधीक्षक शिवेंद्र पाल ने की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव शिक्षाविद डा. हवा सिंह एवं समाजसेवी जसवीर सिंह राणा अतिविशिष्ट के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एस. आई. राजेश कुमार , एस. आई. पाल सिंह, डा. दीप्ती सिंह, हरप्रीत सिंह, स्टाफ नर्स मंजू सहित जिला कारागार के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं मातृभूमि सेवा मिशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में अथर्ववेद यज्ञ हुआ शुरू


**कुरुक्षेत्र।** हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर स्थित जगद गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में गुरु ब्रह्मानंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिसंबर से शुरू हुए 24 दिवसीय चतुर्वेद परायण महायज्ञ के 20वें दिन चौथे वेद अथर्ववेद यज्ञ का शुभारंभ हुआ। 1001 मंत्रों का उच्चारण कर आहुति डाली गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि देवेंद्र शर्मा रहे। वहीं घोलपुरा से सुरेश सरपंच, दादूपुर से सुमन देवी, शांति और कमला ने भी यज्ञ में आहुति डाली । देवेंद्र शर्मा ने कहा कि जगद गुरु ब्रह्मानंद ने सनातन धर्म की यज्ञ परपंरा को आगे बढ़ाने का काम किया । ऐसे में उनकी जयंती पर चतुर्वेद महायज्ञ करना सराहनीय है । जगद गुरु ब्रह्मानंद ट्रस्ट की अध्यक्षा संत दर्शना देवी ने बताया कि 24 दिसंबर तक अथर्ववेद के मंत्रों का जाप करके हवन किया जाएगा। इससे पहले यजुर्वेद, ऋग्वेद और सामवेद का यज्ञ संपन्न हो चुका है।

# सामूहिक विवाह में 25 नव विवाहित जोड़ों को संतों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** सामूहिक विवाह में नव दम्पति।

कुरुक्षेत्र के जयराम विद्यापीठ में गीता जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी एवं संत महापुरुषों के आशीर्वाद से गरीब परिवारों की 25 कन्याओं का 30वां सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर अम्बाला मंडल की आयुक्त रेणु फुलिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। नव दम्पतियों को आशीर्वाद देने के लिए महामंडलेश्वर डा. स्वामी शाश्वतानंद गिरी, महंत बंसी पुरी, स्वामी सम्पूर्णानन्द, विद्यापीठ में भागवत कथा कर रहे कथा व्यास श्याम भाई ठाकर सहित यह सामूहिक विवाह पिछले 32 वर्षों से श्रीमती सारा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सम्पन्न करवा रहे राम लाल गोयल, कैलाश गोयल, सुमित गोयल, रमन गोयल इत्यादि मंच पर मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि रेणु फुलिया ने नव विवाहित दम्पतियों से कहा कि भविष्य में सफल विवाहित जीवन के लिए आपसी प्रेम एवं समर्पण से रहना चाहिए। उन्होंने कन्या की सुरक्षा एवं शिक्षा के लिए भी जागरूक किया।

## योग भारत की प्राचीनतम विद्या है : डॉ दमयंती

# योगाभ्यास से तन मन की होती है शुद्धिः डॉ दमयंती

- योगाभ्यास से आत्मा का भी विकास होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती मुख्य अतिथि डॉक्टर दमयंती आयोग के अधिकारी एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधि।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला द्वारा आयोजित आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर के चौथे दिन आज दिव्य योग मंदिर संस्था द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। हरियाणा योग आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा व शिविर की सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि दिव्य योग मंदिर, करनाल की योगाचार्या डॉ दमयंती बहन एवं संस्था के ही भूषण गोयल, अंजू सचदेवा और अशोक कुमार का पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया। सभी अतिथियों, आयोग के अधिकारियों व योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ दमयंती ने जीवन तत्व के सात सोपान - नाड़ी तान, शुष्क न्यौली, पग चालन, नाभि चालन, अंत्र चालन, बाल मचलन व नाड़ी संचालन- के साथ-साथ नाड़ी शोधन, सूर्य भेदी, कपालभाति, भ्रामरी व उद्गीत प्राणायाम के अतिरिक्त रबड़ नेति, जल नेति, जलपान, दुग्ध पान, गज करणी इत्यादि शुद्धि क्रियाएं करवाई। अंजू सचदेवा भूषण गोयल व अशोक कुमार ने योगाभ्यास का सुंदर प्रदर्शन किया। डॉ दमयंती ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विद्या एवं दिव्य जीवन जीने की कला है। योगाभ्यास से तन मन की शुद्धि एवं आत्मा का विकास होता है। आध्यात्मिक योगाभ्यास से ही जीव जन्म-जन्मांतरों के कर्म संस्कारों से मुक्त होकर मोक्ष पद को प्राप्त कर सकता है। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के योगासन खेल के बच्चों ने अपनी योग शिक्षिका रचना एवं प्रिंसिपल डॉ सचिन्द्र कोड़ा के मार्गदर्शन में सुंदर योग प्रदर्शन किया। आयोग के कर्मठ कार्यकताअरं प्रियंका निशा व नीरज सहित सभी आयुष योग सहायकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

